# महामना शिक्षण संस्थान

## (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)



'' आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पूर्ण आवासीय IIT (JEE) / NEET (PMT) कोचिंग प्रकल्प''

Website : www.mahamanasansthan.org


पत्रांक : 169/2026-27 दिनांक : 01/05/2026

# महामना शिक्षण संस्थान आवेदन प्रक्रिया-(2026-27)

## ❖ निःशुल्क सुविधाएं :-

महामना शिक्षण संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क छात्रावास, भोजन, पुस्तकालय, कंप्यूटर, इंटरनेट,आधुनिकतम पाठ्य सामग्री एवं कक्षा 11 एवं 12 की संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ-साथ ***Rubics Rostrum Coaching Institute*** द्वारा IIT(JEE)/ NEET(PMT)की तैयारी कराई जाती है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे उनके अंदर राष्ट्र प्रेम एवं जन कल्याण की भावना का संचार हो सके। इसके अतिरिक्त आई.आई.टी. एवं मेडिकल के पूर्व छात्र जो वर्तमान समय में समाज में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, विषय विशेषज्ञों एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा संस्थान के छात्र/छात्राओं का निरंतर मार्गदर्शन किया जाता है। अभी तक संस्थान से निकले 75 से अधिक छात्र -छात्राएं देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से बी.टेक/ एम.बी.बी.एस की उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उनकी उच्च शिक्षा हेतु भी संस्थान द्वारा आर्थिक सहायता के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से निरंतर मार्गदर्शन किया जाता है। हर्ष का विषय है कि संस्थान के प्रथम एवं द्वितीय बैच के विद्यार्थी उच्च शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अच्छे पद पर कार्यरत हैं, तथा संस्थान के मार्गदर्शन में सिविल सर्विसेस (लोक सेवा )की तैयारी भी कर रहे हैं।

## ❖ आवेदन हेतु अर्हताएं :-

- केवल वे ही छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं, जो हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 2026 में 80% या 80% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं, तथा कक्षा 11वीं में इसी वर्ष विज्ञान वर्ग ***(PCM / PCB)*** में प्रवेश लेने वाले हैं।
- परिवार की वार्षिक आय (सभी स्रोतों से) रुपए 4,50000/-( चार लाख पचास हजार रुपए) से अधिक न हो।

## ❖ संस्थान द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया :-

- संस्थान की आवेदन प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन एवं निःशुल्क है।
- प्रवेश प्रक्रिया अत्यंत ही सरल, स्वतः स्पष्ट एवं पारदर्शी है। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने में मात्र 10 मिनट लगेंगे।
- प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया **01 मई 2026** से संस्थान की वेबसाइट **https://mahamanasansthan.org** पर उपलब्ध है ।
- प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की **अंतिम तिथि 10 जून 2026** है।
- प्रवेश परीक्षा हेतु प्राप्त आवेदनों में से लिखित परीक्षा हेतु अर्ह छात्र / छात्राओं की सूची संस्थान की वेबसाइट पर **दिनांक 11जून 2026** को जारी होगी। वेबसाइट पर जारी सूची में जिन छात्र / छात्राओं का नाम होगा वे ही लिखित परीक्षा में सम्मिलित हो पाएंगे।

महामना शिक्षण संस्थान, सी-91, निराला नगर, लखनऊ, उ०प्र०-226020 (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

- **लिखित परीक्षा दिनांक 18 जून 2026 दिन बृहस्पतिवार को *सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज, लखनऊ* में प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक होगी।**
- लिखित परीक्षा की रिपोर्टिंग टाइम प्रातः **09:00** बजे निर्धारित है।
- आवेदन पत्र ऑनलाइन ही भरें जाएंगे, फॉर्म को भरने के लिए कंप्यूटर (डेस्कटॉप/ लैपटॉप) का ही उपयोग करें। कृपया आवेदन मोबाइल द्वारा न भरें, जरूरी हो तो नजदीकी जन सेवा केंद्र, साइबर कैफे की सहायता लें। आवेदन सबमिट करने के तुरंत बाद प्रिंट आउट प्राप्त करें। अन्य किसी प्रकार से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- आवेदन प्रपत्र सबमिट (Submit) करते ही आपके मोबाइल नंबर पर सफल आवेदन का सन्देश प्राप्त होगा तथा आवेदन में दिए हुए ईमेल पर आवेदन प्रपत्र की एक पीडीएफ (PDF) कॉपी प्राप्त होगी, वहां से भी आवेदन प्रपत्र का प्रिंट निकाल सकते हैं।
- लिखित प्रवेश परीक्षा में IIT (JEE) की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों से कक्षा 9 एवं 10 स्तर के विज्ञान एवं गणित तथा NEET (PMT) की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों से विज्ञान एवं जीव विज्ञान से संबंधित प्रतियोगी प्रश्न पूछे जाएंगे। सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने हेतु समुचित तैयारी करके ही आएं।
- लिखित परीक्षा का मॉडल पेपर (PCM/PCB) दोनों वर्गों हेतु वेबसाइट पर एडमिशन (Admission) फोल्डर में उपलब्ध है।
- नीट परीक्षा 2029 देने के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का जन्म 31 दिसंबर 2012 के बाद न हुआ हो।
- लिखित परीक्षा का परिणाम लिखित परीक्षा के 1सप्ताह के भीतर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसके साथ ही साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा।
- साक्षात्कार के समय चयनित अभ्यर्थियों को नीचे लिखे अभिलेखों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
- साक्षात्कार में सफल छात्र / छात्राओं की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।
- साक्षात्कार में सफल छात्र / छात्राओं के भौतिक सत्यापन हेतु संस्थान के सदस्यों द्वारा छात्र/ छात्राओं के घर / परिवार का भौतिक मूल्यांकन करने के बाद अंतिम रूप से चयनित छात्र/छात्राओं की लिस्ट वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

## -: आवश्यक प्रपत्र :-

❖ **लिखित परीक्षा कक्ष में निम्नलिखित प्रमाण पत्रों के सत्यापित छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।**

- वेबसाइट में भरे आवेदन पत्र का प्रिंट आउट।
- कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट/ऑनलाइन द्वारा जारी मार्कशीट प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित।
- आय प्रमाण पत्र ( तहसीलदार या सक्षम अधिकारी द्वारा जारी )
- आपके निवासी क्षेत्र के दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों (प्रधानाचार्य, ग्राम प्रधान, नगर पंचायत/ नगरपालिका अध्यक्ष, सभासद ,रजिस्टर्ड चिकित्सक या राजपत्रित अधिकारी आदि) द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र लेटर पैड पर बनवा के लाएं।
- आधार कार्ड ( मूल एवं छाया प्रति )
- अपनी पासपोर्ट साइज की दो फोटो।

सी-91,
निराला नगर
लखनऊ
उ0प्र0-226020
(भाऊराव देवरस सेवा न्यास)

## ❖ महत्वपूर्ण सूचनाएं :-

- चयन संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया में संस्थान के चयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम माना जाएगा।
- संस्थान में विद्यार्थियों को मोबाइल का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
- आवेदन प्रपत्र भरते समय किसी भी समस्या के समाधान लिए हमें हिंदी/अंग्रेजी में ई-मेल *query.mmss@gmail.com* पर कर सकते हैं। आपकी समस्या का समुचित समाधान संस्थान द्वारा अविलम्ब किया जायेगा।
- प्रवेश प्रक्रिया या संस्थान के बारे में जानकारी के लिए या किसी तकनीकी समस्या हेतु संवाद करने के लिए हम ई-मेल माध्यम को ही प्रोत्साहित करते हैं।
- यद्यपि संस्थान और चयन प्रक्रिया से सम्बंधित सभी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है, तथापि अधिक जानकारी या किसी समस्या के निदान हेतु अधोलिखित दूरभाष का प्रयोग कार्यालय अवधि (10:00 AM-05:00 PM) में कर सकते हैं।

## -:सम्पर्क सूत्र :-


❖ **कार्यालय महामना शिक्षण संस्थान :–**

**ईमेल-आई.डी :- query.mmss@gmail.com**
**दूरभाष नंबर :- 0522 4623028**
**मो० नं०- 9412504500, 9412862278**
**महामना शिक्षण संस्थान, 962 पं०- दीनदयाल उपाध्याय नगर,**
**अर्जुनगंज, लखनऊ-226002**